# मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन

लखनऊ(आरएनएस )। लोक सभा निर्वाचन–2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई, 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में आज नगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियोंध्कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियोंध कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन–1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले–वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन–2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन–3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, जोन–4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड–1, सेंट कोलम्बस विनयखंड–5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड–1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर–4, जोन–5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इं.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर, जोन–7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर–23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन–8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर–9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी–1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर–के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

# प्रधानमंत्री मोदी की झूठी गारंटी के बारे में कार्यकर्ता घर घर जाकर जनता को बताएंगे ...शेखर दीक्षित

लखनऊ(आरएनएस )। आम आदमी पार्टी की लखनऊ जिला इकाई द्वारा प्रदेश कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई. कार्यकारिणी के सदस्योंध्पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पं० शेखर दीक्षित ने कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्य सभा सांसद श्री संजय सिंह जी के निर्देश को अक्षरशः क्रियान्वित करते हुए इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने के लिए सभी कार्यकर्त्ताध्पदाधिकारी अपने–अपने वार्डोंध्पंचायतोंधविधान सभाओं में लोगों से व्यापक जनसंपर्क करेंगे .कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी की झूठी गारंटी के बारे में जनता को बताएंगे . प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले लोकसभा चुनावों में जनता से वादा किया था की प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देंगे, किसानों को उनकी फसल का दो गुना दाम देंगे, 2022 तक पक्के मकान देंगे, 100 स्मार्ट सिटी बनाएंगे, महंगाई कम करेंगे, काला धन लाएंगे और सभी के खातों में 15 लाख रुपया भेजेंगे . मोदी की ये गारंटी हवा हवाई हो गई . इसलिए जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा न करे ।शेखर दीक्षित ने कहा कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है भाजपा के नेता कह रहे है कि 400 का आंकड़ा पार कर लिया तो संविधान बदल देंगे । अगर गलती से भी भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीती तो चुनाव आखिरी चुनाव होगा .भाजपा चुनाव खत्म कर देगी आरक्षण खत्म कर देगी इसलिए किसी भी कीमत पर लोकतंत्र और संविधान को बचाना है उन्होंने बताया प्रत्याशियों के साथ परस्पर समन्वय स्थापित कर सभाओं का आयोजन भी आम आदमी पार्टी द्वारा किया जाएगा! साथ ही उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा समय की मांग है कि हम सब पूरी एकजुटता और तत्परता के साथ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लड़े और जीत हासिल करें, साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है इसे हम सबको मिलकर मतदान के रूप में अत्यंत हर्ष के साथ मनाना चाहिए!

# आरडीएसओ में हिन्दी भाषा पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। राजधानी के आलमबाग स्थित आरडीएसओ क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार और प्रोत्साहन के मद्देनजर शनिवार को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में आशीष कुमार गुप्ता,निदेशकध् अनुसंधान तथा विजय कुमार गोयल, निदेशकध्चालन शक्ति उपस्थित रहे।हिंदी वाक्य प्रतियोगिता के विषय सोशल मीडियारू सूचनाध्दुष्प्रचार व क्या शिक्षण के लिये कम्प्यूटर शिक्षकों से बेहतर माध्यम है पर लोगों ने वक्तव्य प्रस्तुत किए। इससे पूर्व हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में प्रश्न–पत्र की गोपनीयता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा गया।कार्मिकों ने बड़ी ही निष्ठा के साथ वर्तमान रेल परिदृश्य पर अपने विचारों को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त किया। संगठन के राजभाषा विभाग के कार्मिकों के कुशल प्रबंधन तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा एवं राजभाषा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

# नाका गुरूद्वारा में जन्मोत्सव पर रही धूम,श्रद्धालुओं का जमावड़ा

लखनऊ। राजधानी के नाका हिंडोला स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा में सिखों के नवें गुरु गुरु तेग बहादुर साहिब का जन्मोत्सव धूमधाम मनाया गया। शनिवार को तीन दिवसीय गुरमति समागम का पहला समागम श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

जिसे रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ होकर रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। साथ ही ज्ञानी सुखदेव सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर का जन्म अमृतसर में हुआ था। पिता गुरु हरिगोबिन्द साहिब एवं माता का नाम नानकी था। बचपन से ही संत स्वरुप गहरे विचारवान निर्भय व त्यागी स्वभाव के थे। उन्होंने कहा कि स्वभाव के कारण नाम त्यागमल रखा गया।इन्होंने अमृतसर की लड़ाई के बाद मन बैराग से भर गया और लड़ाईयों में भाग लेना छोड़ दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। इसी क्रम में दीवान की समाप्ति के पश्चात गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने आई साध संगत को साहिब गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई दी। इसके तत्पश्चात गुरु का लंगर दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा श्रधालुओं में वितरित किया गया।

# सपा को 80 प्रतिशत बूथों पर बस्ता लगाने के लिए लोग तक नहीं मिल रहेभूपेंद्र सिंह चौधरी



लखनऊ (आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को फिर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्हें प्रदेश के 80 प्रतिशत बूथों पर बस्ता लगाने के लिए लोग तक नहीं मिल रहे, वो सरकार बनाने का दावा करते फिर रहे हैं। सपा प्रमुख और उनके समर्थक सिर्फ सोशल मीडिया पर ही हवा बना रहे हैं, जमीन पर उनके समर्थक नदारद हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, 2014 के बाद हर बार भाजपा ने सपा का सफाया किया है और इस बार भी समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होना तय है और फिर एक बार मोदी सरकार और वो भी 400 पार आना तय है। प्रदेश की सभी सीटों पर जनता भाजपा को जिता रही है। मोदी जी के गरीब कल्याण, युवा कल्याण, किसान कल्याण और महिला कल्याण के लिए किए गये कार्यों से भाजपा ने जो जनविश्वास अर्जित किया है, उसी के फलस्वरूप ईवीएम कमलमय होने जा रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि बिना आंकड़े और सबूत के हवा बड़ी बनाई जा रही है, लेकिन विपक्ष को हाथ कुछ नहीं आने वाला, क्योंकि पब्लिक उन्हें 'जीरो' यानी शून्य सीटें ही दे रही है। वो जो कुछ भी अपनी रैलियों में बोल रहे हैं, वो अपने मन को बहलाने के लिए अपनी मानसिक संतुष्टि के लिए बोल रहे हैं। बाकी हकीकत जनता जानती है, क्योंकि आएगें तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अभी से हार की तैयारी कर ली है और हार के बाद ईवीएम को दोषी ठहराए जाने की पूरी स्क्रिप्ट बन चुकी है। मेरठ में इनके लोगों ने ईवीएम खराब का रोना शुरू कर दिया है और 4 जून को इनके द्वारा 400 सीटों की ईवीएम खराब घोषित कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का नाम ही सपा, वो हर दफा सफा होगी, इसकी गारंटी है। उन्होंने जनता को सावधान करते हुए कहा कि ये सनातन का अपमान करने वाले लोग हैं, जो किसी भी सूरत में सत्ता सुख वापस पाना चाहते हैं। ये फिर देश और यूपी को पुराने दौर में ले जाना चाहते हैं, लेकिन जनताऐसे परिवारवादी लोगों को सबक सिखाने को तैयार है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश के बयानों पर हमला बोलते हुए कहा कि जो नकल माफिया को पालते हैं, सेंटर बुक करके नकल कराते हैं, आज उन्हें पेपर लीक की चिंता हो रही है। कहा कि, दंगे, सांप्रदायिक हिंसा और खराब लॉ एंड ऑर्डर जिनकी पहचान थी, आज वो पुलिस की सक्रियता देखकर भौचक हो गए हैं। वो पश्चिम की लहर की बात कर रहे हैं, उन्हें पता नहीं कि पश्चिम से लेकर पूरब तक एक ही हवा है और वो मोदी की हवा है। वो तो कन्नौज और मैनपुरी की सीट भी हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि, उनके लिए विकास का मतलब सिर्फ उनका घर का विकास होता है, लेकिन हमारे लिए विकास का मतलब पूरा देश और पूरा प्रदेश, इसीलिए आज उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला राज्य बन सका है। ये डबल इंजन सरकार का विकास ही है, जो युवाओं, महिलाओं, किसानों का हक मार जाते थे, वो आज महंगाई और भ्रष्टाचार की बात करने लगे हैं। जिन दलों के अंदर लोकतंत्र नहीं, उन्हें आज संविधान की चिंता हो रही है।

# भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। भाजपा जनता के अधिकार छीन रही है। संविधान बदलने की कोशिश कर रही है। यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यह लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र और किसानों, नौजवानों के अधिकार को बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को खत्म करना चाहती है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। अखिलेश यादव ने आज शनिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र जनपद कानपुर देहात और बेला जनपद औरैया तथा उमर्दा जनपद कन्नौज में अपनो संग मेल–मुलाकात के कार्यक्रम में कई जनसमूहों के साथ संवाद किया। अखिलेश यादव ने सामाजिक न्याय रथ से रोड–शो किया। जगह–जगह उपस्थित जनता को सम्बोधित किया। रोड–शो में भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान जनता जनार्दन ने करतल ध्वनि से अपने नेता श्री अखिलेश यादव का अभिवादन किया और उन्हें रिकार्ड मतों से जिताने का भरोसा दिया।अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी जो गारन्टी दे रहे हैं वह गारन्टी नहीं घंटी है। उनकी सभी गारन्टी जुमला निकली है। भाजपा ने नौजवानों का भविष्य खतरे में डाल दिया है। भाजपा सरकार ने फौज की पक्की नौकरी को 4 साल की कर दी, आगे पुलिस की नौकरी भी 3 साल की हो जाए तो आश्चर्य नहीं। जो संविधान बदलने निकले हैं, उन्हें बदलने का मौका है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता तानाशाह हो गए हैं। लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने का षडयंत्र करते है। भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इनके भ्रष्टाचार के कारण महंगाई बढ़ गयी है। भाजपा ने चंदे के नाम पर जो हजार–हजार करोड़, सौ–सौ करोड़ रूपये की वसूली की, उसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जिन लोगों ने भाजपा को चंदा दिया। उन्होंने अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ा कर महंगाई बढ़ाई और मुनाफा कमाया। महंगाई से जनता पिस गयी। हर वर्ग परेशान हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि जितने भी भ्रष्टाचारी और अपराधी हैं सब भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा ने भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को अपने गोदाम में रख लिया है। सब भ्रष्टाचारी, अपराधी भाजपा के साथ हैं।

# डश्वक्टरों ने पाकिंसंस के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान

लखनऊ। डॉक्टरों ने पार्किंसंस रोग के बारे में जन जागरूकता बढाने के लिए पैदल मार्च निकाला। शनिवार को एसजीपीजीआई न्यूरो विभाग द्वारा आयोजित जन जागरूकता अभियान में निदेशक डॉ.आरके धीमन समेत सैकड़ों डॉक्टरों ने पैदल मार्च किया। ज्ञात हो कि पार्किंसंस रोग धीरे–धीरे बढने वाला एक तंत्रिका संबंधी विकार है। इसमें ऐसे लक्षणों के माध्यम से प्रकट होता है, जो गति और समन्वय को प्रभावित करते हैं। जिससे शरीर में कंपन, अकड़न, चलने फिरने की धीमी गति से लेकर दैनिक जीवन को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं।जैसे–जैसे यह बीमारी बढ़ती है संज्ञानात्मक बदलाव और मनोदशा में गड़बड़ी होने के साथ–साथ बोलने और निगलने में चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पार्किंसंस रोग को रोकने का कोई गारंटीकृत तरीका नहीं है। इसके लिए नियमित व्यायाम,एरोबिक व्यायाम, शक्ति प्रशिक्षण और संतुलन व्यायाम का एक संयोजन है।ऐसे रोगियों को फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, एंटीऑक्सीडेंट, लीन प्रोटीन से भरपूर आहार पार्किंसंस रोग से बचाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा विषाक्त पदार्थों से बचने के लिए कीटनाशकों, शाकनाशियों जैसे पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों,औद्योगिक रसायन के संपर्क को सीमित करना ही बचाव है। ऐसे मरीजों को सिर की चोटों को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए जैसे खेल के दौरान हेलमेट पहनना और वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना।ऐसे मरीजों को मानसिक रूप से सक्रिय और व्यस्त रहने से पार्किंसंस रोग से बचाव में मदद मिल सकती है। इसमें पढ़ने, पहेलियाँ बूझने से, नए कौशल सीखने और दूसरों से मिलने जुलने से जैसी गतिविधियों से अपने मस्तिष्क को चुनौती देना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि पार्किंसंस के उपचार में आमतौर पर लेवोडोपा जैसी डोपामिनर्जिक दवाएं शामिल होती हैं, जो अक्सर लक्षणों को कम करने के लिए निर्धारित की जाती हैं। जबकि फिजिकल थेरेपी आने वाली कठिनाइयों को प्रबंधित करने वाली गतिशीलता में सुधार करने में मदद कर सकती हैं। अभी तक शोध प्रयासों के बावजूद, वर्तमान में पार्किंसंस रोग का कोई इलाज उपलब्ध नहीं है।

# कांग्रेस के समय किसान आत्महत्या और भ्रष्टाचारी ऐश करता था – मुख्यमंत्री योगी

## हाथरस से भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के लिए मुख्यमंत्री ने की जनसभा




हाथरस/लखनऊ (आरएनएस)। गरीब, किसान, महिलाएं, युवा सपा–बसपा व कांग्रेस के एजेंडे में नहीं थे। यह केवल वोट बैंक की राजनीति करते थे। यह जाति, समाज को बांटने का पाप करते थे। उनके समय में गरीब भूखमरी का शिकार होता था और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। किसान आत्महत्या करता था और भ्रष्टाचारी ऐश करता था। माफिया सरपरस्त बनकर सत्ता का संचालन करते थे, लेकिन आज बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में साढ़े छह लाख युवाओं को नौकरी दी गई। अब पात्रता के आधार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ चुनाव में एक तरफ भाजपा व एनडीए है तो दूसरी तरफ कांग्रेस–सपा व इंडी गठबंधन है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को क्रीड़ा स्थल सिकंदराराऊ में हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धरती ने अनेक महापुरुषों, साहित्यकारों और काका हाथरसी जैसे कवि को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव–2024 के दृष्टिकोण से दो चरणों की 191 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। रुझान बताते हैं कि हाथरस के हींग की खुशबू और फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। जितना काम कांग्रेस–सपा, बसपा ने नहीं किया, उससे अधिक कार्य भाजपा शासन में हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्साहित जनता मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना चाहती है। दस वर्ष में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद और आतंकवाद समाप्त हुआ है। विकास के अनेक कार्य हुए हैं। एक ओर भाजपा ने विकास योजनाएं दीं तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने 65 वर्ष तक देश, सपा को चार बार व बसपा को तीन बार प्रदेश में शासन करने का अवसर मिला। इन सबको मिलाकर जितना कार्य इन लोगों ने देश–प्रदेश में नहीं किया। उससे बहुत अधिक कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश व सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में हुआ है। दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा–बसपा के दलाल हजम कर जाते थे मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा–कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरता था। गरीब स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में मरते थे। पहले दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा–बसपा के दलाल हजम कर जाते थे। आज सीधे गरीब के अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार होली–दीवाली में फ्री में सिलेंडर भी उपलब्ध करा रही है। पसीना आपका और डकैती करेंगे सपा–कांग्रेस, इंडी गठबंधन की मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को बांटा, अब घोषणा पत्र में कह रही है कि हम संपत्ति सर्वे कराएंगे, फिर बाप–दादा की कमाई पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इस टैक्स का मतलब चार कमरे के मकान में यह कहेंगे कि दो कमरे में रहो, दो कमरे सपा–कांग्रेस के अधिकार में चला जाएगा। पसीने से मकान बनाया आपने और डकैती करने यह लोग आएंगे। ऐसा करने की कतई छूट नहीं देना है। इन लोगों ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रहे हैं। जब हम माफिया पर कार्रवाई करते हैं तो यह उसके घर में जाकर फातिहा पढ़ते हैं।

भारत के तालीबानीकरण करने की साजिश मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कहा कि पर्सनल कानून यानी तीन तलाक की कुप्रथा को लागू करेंगे, यह भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के तालीबानीकरण करने की साजिश का हिस्सा है। अल्पसंख्यक को मर्जी के अनुसार खानपान यानी गोकशी की छूट देंगे। हिंदू के लिए इससे बड़ा पाप नहीं हो सकता। कांग्रेस देश को दंगों की आग में झोंकना चाहती है और अपने स्वार्थ के लिए भारत के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। हिंदुस्तान इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। रामकृष्ण की धरती पर गोकशी नहीं होगी। कसाइयों को गौमाता की हत्या की छूट नहीं देने देंगे। कांग्रेस, सपा–बसपा के हिडन एजेंडे को पहचानकर समय रहते जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। यह लोग देश की संप्रभुता–अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सपा–कांग्रेस के लोग देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो अनूसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के लोगों के हकों पर डकैती डालने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी गठित की। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में देश के संविधान का प्रारूप तैयार हो रहा था तो कहा गया कि धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं हो सकता है, लेकिन जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बैकडोर से डकैती कर सकें, आज उसी तर्ज पर फिर से यह लोग काम कर रहे हैं। सपा–कांग्रेस और सहयोगी दल देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं। अहिरयार समाज के उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने भेजा प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के अहिरयार समाज को आरक्षण से वंचित करने का पाप भी किया था। पहले यह अनुसूचित जाति में आती थी, लेकिन कांग्रेस ने इन्हें हटाने का कार्य किया था। इन्हें उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। यह बलदाऊ की भूमि है और यह कहते थे कि राम–कृष्ण हुए ही नहीं। आह्वानः मतदान केंद्र जरूर जाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि जूझारू अनूप वाल्मीकि ने राजस्व राज्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य किया। संसद में हाथरस की आवाज को बुलंद करेंगे। यहां के विधायकों संग विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि अति आत्मविश्वास से बचते हुए अधिक से अधिक लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं।

# 01 मार्च से 26 अप्रैल तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ(आरएनएस ) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 26 अप्रैल, 2024 तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों सेअब तक कुल 1,23,79,564 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ(आरएनएस ) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,23,79,564 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 75,58,114 तथा निजी स्थानों से 48,21,450 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,29,489, पोस्टर के 34,93,158, बैनर के 21,27,833 एवं अन्य 11,07,634 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,55,217, पोस्टर के 22,19,045 बैनर के 11,93,115 एवं अन्य 7,54,073 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# संपादकीय

## रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था।

भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी–17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है।

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत–रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा।

इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं।
यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने–सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है।
हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा। अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निरूसंदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है।विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

## विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त

गाजा में, यूक्रेन में, सुडान में और कितने ही स्थानों पर आज विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त है। महाविनाशक हथियारों की ऐसी बहुत खतरनाक होड़ पहले से और तेज हो रही है जो दुनिया को किसी बड़े संकट की ओर ले जाएगी।

जो अंतरराष्ट्रीय संस्थान विश्व शांति और निशस्त्रीकरण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं, वे कभी असहाय नजर आते हैं तो कभी केवल चिंता प्रकट करने या बयानबाजी तक ही अपनी जिम्मेदारी को समेट लेते हैं।

इस बिगड़ती स्थिति को संभालना बहुत जरूरी है। उम्मीद की एक किरण हम सब जनसाधारण अपने प्रयासों से भी ला सकते हैं। बेशक, हम जनसाधारण प्रत्यक्ष रूप से बड़े युद्ध समाप्त नहीं कर सकते पर अपने आसपास की हिंसा को समाप्त कर या न्यूनतम कर एक अमन–शांति पर आधारित दुनिया बनाने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर कर सकते हैं। दुनिया आखिर करोड़ों परिवारों के मिलने से ही तो बनती है, लाखों समुदायों के मिलने से ही तो बनती है। यदि परिवार और समुदाय स्तर से ही अहिंसक विश्व बनाने की बड़ी पहल हो तो इसका असर दूर तक भी जा सकता है।

यदि परिवार और समुदाय के स्तर पर हम अहिंसा की जो सीख प्राप्त करते हैं, उसका उपयोग आगे, अधिक व्यापक स्तरों पर अमन–शांति के प्रयासों के लिए करते रहें। इस सोच के मूल में यह समझ है कि हिंसा मनुष्य के दुख–दर्द का एक प्रमुख कारण है। हर मनुष्य दुख–दर्द कम करना चाहता है और इसके लिए एक प्रमुख मार्ग यह है कि वह अपने भीतर की हिंसा और अपने आसपास की हिंसा को कम करे। यह मार्ग हम सबको उपलब्ध है, पर फिर भी यह प्रायरू उपेक्षित है। यहां तक कि अपने भीतर की हिंसा को एक समस्या के रूप में पहचानने की प्रवृत्ति भी कम ही नजर आती है। पर वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य के भीतर की हिंसा और आसपास की हिंसा अधिकांश समाजों में एक बड़ी समस्या है। भारत हो या अमेरिका इसकी एक बड़ी अभिव्यक्ति घरेलू हिंसा के बेहद चिंतित करने वाले आंकड़ों में उपलब्ध होती है।
अमेरिका जैसे 'विकसित' समाज में भी एक वर्ष में 110 से 120 लाख व्यक्ति घरेलू हिंसा अपने नजदीकी साथी (इंटीमेट पार्टनर) की हिंसा का शिकार होते हैं (प्रति मिनट 20) और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। 19 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाओं में किसी न किसी हथियार का उपयोग भी होता है। घरेलू हिंसा की बड़ी वारदात को रहने दें तो भी कितने ही दिन जनसाधारण के ऐसे गुजरते हैं जिसमें छोटी–छोटी बातों में, क्रोध के आ जाने से जो कहा–सुनी हो जाती है उसके कारण दिन खराब हो जाता है, दुख भी होता है। हमारे समाज में परिवार में प्रेम और लगाव बहुत है, पर झगड़े भी कम नहीं हैं–फिर चाहे पति–पत्नी के झगड़े हों, भाई–भाई या सास–बहू के।
अंत में अधिक सहना तो महिलाओं और बच्चों को ही पड़ता है, जबकि घरेलू हिंसा के दौर में बच्चे जो सहते हैं उसका अहसास भी कई बार व्यस्क सदस्यों को नहीं होता। बाद में मन में आता है कि ओह, क्रोध में हम क्यों नाहक अपने प्रियजनों को परेशान करते हैं और स्वयं भी होते हैं, पर यह सोचने के बाद भी बार–बार ऐसी वारदात होती ही रहती हैं। इसकी वजह यह है कि अपने भीतर की हिंसा को पहचानने और उसे कम करने के जरूरी प्रयास नहीं होते। इसके साथ कहीं न कहीं आधिपत्य की भावना जुड़ी होती है। यह लिंग आधारित हो सकती है (पुरुष द्वारा महिला पर आधिपत्य समझना), आयु–आधारित या धन–संपत्ति आधारित हो सकती है।
वास्तव में अहंकार, क्रोध, आधिपत्य, हिंसा यह सब आपस में जुड़े हुए हैं। फिर इन के साथ यदि नशे की प्रवृत्ति जुड़ जाए, विशेषकर शराब के नशे की प्रवृत्ति, तो इन सब की अभिव्यक्ति और भयानक रूप में हो सकती है। यदि इस सब को एक गंभीर समस्या के रूप में समझ कर इसे कम करने का प्रयास होगा तो विभिन्न व्यक्तियों और परिवारों में दुख–दर्द, परेशानी, तनाव, अपमान, आहत होने के अहसास और अवसाद में बहुत कमी आ सकती है, तथा दूसरी ओर खुशहाली, परस्पर प्रेम और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस तरह समाज की सबसे छोटी पर बुनियादी इकाई के स्तर पर अहिंसा के प्रयासों को जो सफलता मिलेगी, उसके आधार पर जनसाधारण को, महिलाओं और पुरुषों को, युवाओं और छात्रों को प्रेरित कर समुदाय के स्तर पर अधिक व्यापक भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है। समुदाय में जो धर्म, जाति, लिंग आदि के स्तर पर भेदभाव हैं, वह भी मन के अंदर की हिंसा की एक अभिव्यक्ति है। हिंसा, आधिपत्य, अहंकार के मिले–जुले असर से किसी अन्य मनुष्य को धर्म, जाति के आधार पर हीन भावना से देखा जाता है। धर्म, जाति उप–जाति के आधार पर किसी को हीन मानना या उससे भेदभाव करना बुनियादी तौर पर अनुचित और अन्यायपूर्ण है पर जब सामुदायिक स्तर पर लोगों के दिलों में हिंसा, आधिपत्य और अहंकार की प्रवृत्ति है तो वह इन अनुचित रूपों में प्रकट होती रहती

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान



किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66: युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे जारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है। समाज में आज युवा–वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आजादी पायी थी। जरा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा–शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं। विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यत: कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारत्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है। किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66: जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का

प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्तिसंपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें कि लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेगे और करवाएगें।

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर



ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े–बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड–खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे–ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून–खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी।

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े–बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा। चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडने वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया। इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेखध को नजरबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेखध द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेखध ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे खराब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर जरूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाइलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रवष्टि करने का फैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी। ये शेषन का ही बूता था कि उन्होंने चुनाव में पहचान पत्र का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया। शेषन ने साफ कह दिया कि अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए गए तो 1 जनवरी 1995 के बाद भारत में कोई चुनाव नहीं कराए जाएंगे। शेषन के दौर में ही हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दिन पंजाब के मंत्रियों के 18 बंदूकधारियों को राज्य की सीमा पार करते हुए धर दबोचा गया। उत्तर प्रदेश और बिहार सीमा पर तैनात नागालैंड पुलिस ने बिहार के विधायक पप्पू यादव को सीमा नहीं पार करने दी। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल गुलशेर अहमद को चुनाव आयोग द्वारा सतना का चुनाव स्थगित करने के बाद उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। गुलशेर अहमद पर आरोप था कि उन्होंने राज्यपाल पद पर रहते हुए अपने पुत्र के पक्ष में सतना चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया था। उसी तरह राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल बलिराम भगत को भी शेषन का कोपभाजन बनना पड़ा था, जब उन्होंने एक बिहारी अफसर को पुलिस का महानिदेशक बनाने की कोशिश की। शेषन ने बिहार में पहली बार चार चरणों में चुनाव करवाया और चारों बार चुनाव की तारीखें बदली गईं। ये बिहार के इतिहास का सबसे लंबा चुनाव था। शेषन ने आचार संहिता के उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं होने दिया, जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री प्रणब मुखर्जी को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु इतने नाराज हुए कि उन्होंने उन्हें पागल कुत्ता कह डाला। साल 1992 के शुरू से ही शेषन ने सरकारी अफसरों को उनकी गलतियों के लिए लताडना शुरू कर दिया था।

# आज का राशिफल

मेष राशिरू आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

वृष राशिरू आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आज आप किसी से बात करते वक्त संयम रखें। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय–समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरुरत है।

कर्क राशिरू आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता–पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचना चाहिए।

सिंह राशिरू आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

कन्या राशिरू आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

तुला राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा।

धनु राशिरू आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

मकर राशिरू आज आपका दिन बढिया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे।

कुंभ राशिरू आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी।

मीन राशिरू आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही द्गद्वद्ब पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा।

# चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की आठ पनडुब्बियों में से पहली का जलावतरण किया

अपने सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान को चीन ने अत्याधुनिक पनडुब्बियां उपलब्ध कराने के लिए समझौते के तहत हैंगर श्रेणी की आठ पनडुब्बियों में से पहली का जलावतरण किया है। दोनों देशों के बढ़ते द्विपक्षीय सैन्य सहयोग में इससे एक नया आयाम जुड़ गया है। आयोजित जलावतरण समारोह में पाकिस्तान नौसेना के प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। इस्लामाबादध्बीजिंग । चीन ने अपने सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान को अत्याधुनिक पनडुब्बियां उपलब्ध कराने के लिए समझौते के तहत हैंगर श्रेणी की आठ पनडुब्बियों में से पहली का जलावतरण किया है, जिससे दोनों देशों के बढ़ते द्विपक्षीय सैन्य सहयोग में एक नया आयाम जुड़ गया है। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, शुक्रवार को वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआईजी)



के शुआंगलिउ बेस पर आयोजित जलावतरण समारोह में पाकिस्तान नौसेना के प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। पाकिस्तान और चीन के बीच समझौते के तहत पाकिस्तान को आठ अत्याधुनिक उन्नत पनडुब्बियां प्रदान करने पर सहमति बनी थी। कुल आठ पनडुब्बियों में से चार का निर्माण डब्ल्यूएसआईजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत विशेषताओं वाली पनडुब्बियां बहु–खतरे वाले वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं और इसके माध्यम से सटीकता से लक्ष्य पर हमला किया जा सकता है। इस अवसर पर एडमिरल अशरफ ने मौजूदा भू–रणनीतिक माहौल में समुद्री सुरक्षा के महत्व और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के नौसेना के संकल्प पर जोर दिया। नौसेना प्रमुख ने इस पर भी जोर दिया कि हैंगर श्रेणी एसध्एम प्रोजेक्ट "सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान–चीन की मित्रता में एक नया आयाम जोड़ेगा और यह दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को दर्शाता है।"पाकिस्तान में इस साल फरवरी में केएस एंड ईडब्ल्यू द्वारा हैंगर श्रेणी की छठी पनडुब्बी का निर्माण शुरू किया गया था। पाकिस्तान के चीन के साथ प्रगाढ़ सैन्य संबंध हैंऔर उनके द्विपक्षीय संबंधों में पाकिस्तान द्वारा चीन से विभिन्न हथियारों के आयात का प्रावधान है। पिछले साल, पाकिस्तान नौसेना ने दो नवनिर्मित चीनी टाइप 54 एध्पी फ्रिगेट (जहाज) को शामिल किया था। दोनों देशों ने 2018 में चार बहुउद्देशीय युद्धपोतों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। पहला और दूसरा जहाज पीएनएस तुगरिल और पीएनएस तैमूर 2022 में पाकिस्तानी नौसेना के बेड़े में शामिल हुए।

# पाकिस्तान को 'गुलाम' बनाने वाले लोगों से समझौता करने के बजाए जेल में रहने के लिए तैयार हूं – इमरान

लाहौर पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के स्थापना दिवस पर जारी संदेश में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन लोगों के साथ कोई भी समझौता करने से इनकार कर दिया जिन्होंने देश को "गुलाम" बना दिया है। उन्होंने कहा कि वह नौ और साल जेल में रहने के लिए तैयार हैं लेकिन इन लोगों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे। लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन लोगों के साथ कोई भी समझौता करने से इनकार कर दिया जिन्होंने देश को "गुलाम" बना दिया है और उन्होंने कहा कि वह नौ और साल जेल में रहने के लिए तैयार हैं लेकिन इन लोगों के साथ कभी कोई



समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जारी संदेश में खान ने कहा कि देश पर तानाशाही थोपी गयी है जो अर्थव्यवस्था, शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका के "विनाश" का आधार बन रही है। जेल में बंद खान ने कहा, "यह देश के लिए मेरा संदेश है कि मैं वास्तविक आजादी के लिए आवश्यक कोई भी बलिदान दे दूंगा लेकिन अपने देश की आजादी से कभी समझौता नहीं करूंगा।" खान ने कहा कि उन्हें "फर्जी और मनगढ़ंत मामलों" के कारण पिछले नौ महीने से जेल में रखा गया है। उन्होंने कहा, "अगर मुझे नौ और साल जेल में रहना पड़ा तो मैं जेल में रहूंगा लेकिन मैं उन लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करूंगा जिन्होंने मेरे देश को गुलाम बना लिया है।" पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री का यह संदेश तब आया है जब 'पीटीआई' नेता शहरयार अफरीदी ने दावा किया कि पार्टी बात करेगी लेकिन बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी या सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के हालिया प्रस्तावों के बाद उनके साथ बातचीत नहीं करेगी। अफरीदी ने कहा, "हम सेना प्रमुख, आईएसआई के महानिदेशक और सेना के साथ बात करेंगे क्योंकि समय की मांग देश की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है।

# भारतं में चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए पाकिस्तान को न घसीटें

इस्लामाबाद । भारतीय नेताओं से पाकिस्तान ने आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें। पाक विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि उनका देश



जम्मू–कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है। इस्लामाबाद । पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय नेताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनका देश जम्मू–कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है। उन्होंने कहा, "भारतीय नेता चुनावी कारणों से भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक विमर्श में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी प्रवृत्ति बंद करें।"बलोच ने कहा, "हम जम्मू–कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के भड़काऊ बयानों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खारिज करता है। अति–राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।" उन्होंने दावा किया कि भारतीय दावे ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के विपरीत हैं। बलोच ने कहा, "ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ–साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू–कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है।" भारत भी कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के बयानों को खारिज करता रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार–बार कहा है कि "केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

# मौजूदा भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए यूएन में तत्काल सुधार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में दूत प्रतीक माथुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के पुनरुद्धार को सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र के समग्र सुधार के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए, ताकि यह वर्तमान भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे और बढ़ती जटिल चुनौतियों का सामना कर सके।संयुक्त राष्ट्र । भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के पुनरुद्धार को सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र के समग्र सुधार के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए, ताकि यह वर्तमान भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे और बढ़ती जटिल चुनौतियों का सामना कर सके। संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत के स्थायी मिशन में दूत प्रतीक माथुर ने कहा, "भारत की हमेशा से राय रही है कि महासभा का पुनरुद्धार तभी किया जा सकता है जब संयुक्त राष्ट्र के प्राथमिक विचार–विमर्श, नीति–निर्माण और प्रतिनिधि अंग के रूप में इसकी स्थिति का अक्षरशः सम्मान किया जाए।" माथुर ने महासभा के कार्यों के पुनरुद्धार पर अस्थायी कार्य समूह को बृहस्पतिवार को संबोधित करते हुए कहा कि



193–सदस्यीय महासभा के पुनरुद्धार को संयुक्त राष्ट्र के समग्र सुधार के व्यापक संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सफलता उसके चार्टर में उल्लेख के अनुसार उसकी प्रमुख विचार–विमर्श और नीति निर्माण इकाई के रूप में भूमिका में महासभा के प्रभाव पर निर्भर करती है। भारत ने वैश्विक शासन संरचना में इस सुधार को 'भविष्य की संधि' में वास्तविकता बनाने का स्पष्ट आह्वान किया, जिस पर सदस्य देश सितंबर में उच्च–स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान शिखर सम्मेलन से पहले बातचीत कर रहे हैं। भारत की दृष्टि में यह सुधार 21वीं सदी के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयुक्त है। माथुर ने कहा कि महासभा के एजेंडे के विस्तार के साथ, वार्षिक आम चर्चा धीरे–धीरे महासभा के प्रत्येक नए सत्र के आरंभ में होने वाले अनेक उच्च–स्तरीय आयोजनों में से एक बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत मानता है कि महासभा के पुनरुद्धार के लिए वार्षिक आम चर्चा की शुचिता बहाल होनी चाहिए। माथुरा ने कहा कि आमसभा का सार–तत्व इसकी अंतरसरकारी प्रकृति में निहित है। उन्होंने कहा, "यह वैश्विक संसद के सबसे करीब है। बहुपक्षवाद की सफलता, दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों की बढ़ती संख्या पर ध्यान देने के लिए महासभा की सफलता और प्रभावशीलता पर निर्भर करती है, जो राष्ट्रीय सीमाओं और क्षेत्रों से परे हैं।" भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आमसभा में जो विचार–विमर्श हो, वह समावेशी होना चाहिए और हर सदस्य देश को समान रूप से भागीदारी की अनुमति हो। माथुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के एजेंडे को इस तरह बनाया जाना चाहिए कि इसमें होने वाली चर्चा और अधिक सूचना युक्त तथा प्रभावी हो।

# मत करो हर्ट...आपसी मतभेद सुलझाने के लिए बुलाया, फिर विदेश मंत्री को China ने बैठाकर खूब सुनाया

जिस अमेरिका को चीन ने न्योता दिया। जिस अमेरिका को चीन ने यह कहकर बुलाया कि वो आपस में बैठकर अपने बीच की मुश्किलों को हल करना चाहता है। वही चीन अमेरिका को सामने बिठाकर उसकी गलतियां गिनवाने लगा।बयानबाजी का दौर और तनातनी के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीन की यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थी। चीन और अमेरिका के मिलन की तस्वीरें ये बयान कर रहे थे कि अब दोनों में पक्की वाली दोस्ती हो गयी है। लेकिन क्या सच में ऐसा ही है? बातों से नहीं लगा और बयानों से भी नहीं लगा। चीन और अमेरिका एक टेबल पर आमने सामने थे। दोनों देश के विदेश मंत्री अपने अपने मुद्दों को एक दूसरे के सामने रख रहे थे। बात आगे बढ़ रही थी कि तभी चीन के विदेश मंत्री ने वो बात कह दी जिसे सुनकर अमेरिकी विदेश मंत्री और पूरे अमेरिका को हैरानी हो रही है।जिस अमेरिका को चीन ने न्योता दिया। जिस अमेरिका को चीन ने यह कहकर बुलाया कि वो आपस में बैठकर अपने बीच की मुश्किलों को हल करना चाहता है। वही चीन अमेरिका को सामने बिठाकर उसकी गलतियां गिनवाने लगा। ये अमेरिकी विदेश मंत्री की बेइज्जती ही थी। लेकिन फिर भी उन्होंने सबकुछ सुना। चीनी विदेश मंत्री ने अमेरिका को रियलिटी चेक देने की कोशिश की। अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने बातचीत और सहयोग को बढ़ाया है। इसका दोनों देशों के लोग और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने स्वागत किया है। लेकिन साथ ही रिश्ते में नकारात्मक कारक आज भी बढ़ रहे हैं। यहीं से चीनी विदेश मंत्री का बयान पूरी तरह से पलट गया। चीनी विदेश मंत्री ने इसके बाद अमेरिका और चीन के बीच की तल्खी और दबाव का जिक्र हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने शुक्रवार को शीर्ष अमेरिकी राजनयिक से कहा कि दोनों महाशक्तियों को ष्प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार बनना चाहिएष और एक–दूसरे को चोट पहुंचाने के बजाय एक–दूसरे को सफल होने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व और सहयोग को तीन सर्वव्यापी सिद्धांत बनाने का प्रस्ताव दिया। ये अतीत से सीखे गए सबक हैं और भविष्य के लिए मार्गदर्शक हैं।

# कैंसर से इलाज के बाद किंग चार्ल्स– सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार, बकिंघम पैलेस से आया बड़ा अपडेट थी।

कैंसर से जूझने के बाद पहली बार किंग चार्ल्स अगले हफ्ते सार्वजनिक जीवन में लौटने के लिए तैयार हैं। बकिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा कि किंग चार्ल्स ㎳ सार्वजनिक जीवन में लौटते हुए अपने कर्तव्यों को फिर से शुरू करेंगे। इस साल की शुरुआत में उनकी कैंसर की बीमारी का पता चला था। जिसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य लाभ के लिए सार्वजनिक जीवन से दूरी बना ली थी। चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा कि वे इस साल की शुरुआत में कैंसर निदान के बाद किंग चार्ल्स के स्वास्थ्य में अब तक हुई प्रगति से खुश हैं। जून में जापानी सम्राट नारुहितो और महारानी मसाको की राजकीय यात्रा राजा की अगली प्रमुख घटनाओं में से एक होने की उम्मीद है। हालाँकि, उनके सभी कार्यक्रम उनके डॉक्टरों की सलाह के अधीन रहेंगे। बकिंघम पैलेस की ओर से बताया गया कि किंग चार्ल्स और उनकी पत्नी एक कैंसर उपचार केंद्र का संयुक्त दौरा करेंगे। इस दौरान वो चिकित्सा विशेषज्ञ और मरीजों से भी मिलेंगे।

# मोदी के बयान के बाद चीनी सेना ने प्रेस कान्फ्रेंस कर क्या कहा ?

चीनी सेना ने कहा कि भारत–चीन सीमा पर स्थिति वर्तमान में आम तौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए प्रभावी संचार बनाए रखा है।भारत चीन संबंधों के राजनयिक संबंधों का सबसे बड़ा रोड़ा लद्दाख है। लद्दाख में तनाव के बीच भारत चीन सीमा विवाद को सुलझाने में भी लगे हैं। सैन्य स्तर पर प्रयास भी जारी हैं। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के बयान ने इस विवाद को सुलझाने के लिए एक तेजी दे दी है। जिससे सबसे ज्यादा चीन खुश है और अब चीन के रक्षा मंत्रालय की तरफ से भारत चीन संबंधों को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया गया है। सीमा पर दोनों देशों के बीच बातचीत कैसी पहुंची है, कहां तक पहुंची है, इसे लेकर चीनी रक्षा मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गयी। चीनी सेना ने कहा कि भारत–चीन सीमा पर स्थिति वर्तमान में आम तौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध ा को हल करने के लिए प्रभावी संचार बनाए रखा है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल



वू कियान न्यूजवीक पत्रिका के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने आशा व्यक्त की थी कि सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय जुड़ाव के माध्यम से राजनयिक और सैन्य स्तरों पर भारत और चीन सीमा पर शांति बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने 11 अप्रैल को मोदी के साक्षात्कार पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मजबूत और स्थिर चीन–भारत संबंध दोनों देशों के हितों के लिए अच्छा हैं और क्षेत्र की शांति और विकास के लिए अनुकूल हैं।अपने इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ रिश्ते अहम हैं।

# लोकसभा चुनाव के बीच पाकिस्तान ने भारतीय राजनेताओं से कहा, श्हमें राजनीतिक फायदे के लिए मत घसीटो, Pok पर दिए बयान को किया खारिज

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने भारतीय राजनेताओं से लोकसभा चुनावों के बीच अपने भाषणों में राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान को घसीटना बंद करने का आग्रह किया।भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चुनावी मौसम के बीच, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की पीओके पिच को मजबूत किया है। इस बीच भारत ने 25 अप्रैल को कहा कि पाक–ईरान संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख होने के बाद वह ईरानी पक्ष तक पहुंच गया है। भारत के सख्त पीओके रुख से नाराज पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने 26 अप्रैल को भारत के दावे को खारिज कर दिया। पाक के विदेश कार्यालय स्पॉक्स ने कहा



कि ष्भड़काऊ बयानों में चिंताजनक वृद्धिष हुई है। पाक ने भारत को श्चेतावनीश दी कि श्भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।श भारत पीओके सहित पूरे जम्मू–कश्मीर को भारत का हिस्सा बताते हुए दृढ़ रहा है। 04 अप्रैल को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ष्हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि पीओके भारत का अभिन्न अंग नहीं हैष। 21 अप्रैल को राजनाथ सिंह ने कहा कि हो रहे विकास को देखते हुए पीओके के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे।अब पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने भारतीय राजनेताओं से लोकसभा चुनावों के बीच अपने भाषणों में राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान को घसीटना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ष्भारतीय राजनेताओं को चुनावी उद्देश्यों के लिए भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक प्रवचन में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी लापरवाह प्रथा को बंद करने की जरूरत है। बलूच को पाकिस्तान स्थित डॉन न्यूज ने बातचीत के लिए बुलाया था इसी दौरान उन्होंने कहा कि "हम जम्मू–कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के उत्तेजक बयानों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खघरिज करता है. अति–राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। प्रवक्ता ने कहा, ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ–साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू–कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है।

# बंगलादेश की तैनाती करेगा चीन, भारतीय सेना से बढ़ेगा टकराव ?

चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है। खबर है कि चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में तैनात करने वाला है। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता वू कुयान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया है कि बांग्लादेश के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश के सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के सामने रखा 258 रनों का लक्ष्य, जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने खेली तूफानी पारी



दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। जहां मुंबई ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। इस दौरान दिल्ली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए फ्रेजर मैकगर्क ने सबसे ज्यादा 84 रन की पारी खेली। आईपीएल 2024 का 43वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। जहां मुंबई ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। इस दौरान दिल्ली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए फ्रेजर मैकगर्क ने सबसे ज्यादा 84 रन की पारी खेली। की शुरुआत बेहतरीन रही, दिल्ली ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 92 रन बनाए। मुंबई को पहली सफलता पीयूष चावला ने दिलाई। उन्होंने फ्रेजर को आउट किया। फ्रेजर 27 गेंद में 84 रन की धमाकेदार पारी खेलकर आउट हुए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल 27 गेंद में 36 रन बनाकर आउट हुए।

# ताबड़तोड़ पारी, 27 गेंदों में 84 रन बनाकर अपने नाम दर्ज किया ये रिकार्ड



जहां दिल्ली कैपिटल्स पहले बल्लेबाजी कर रही है। वहीं क्ष जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की, उन्होंने पॉवरप्ले में जसप्रीत बुमराह से लेकर हार्दिक पंड्या, किसी को नहीं छोड़ा। उन्होंने चौथे ही ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया, ये कारनामा उन्होंने महज 15 गेंदों में किया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और मुंबई के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला जा रहा है। जहां दिल्ली कैपिटल्स पहले बल्लेबाजी कर रही है। वहीं जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की, उन्होंने पॉवरप्ले में जसप्रीत बुमराह से लेकर हार्दिक पंड्या, किसी को नहीं छोड़ा। उन्होंने चौथे ही ओवर में अपना अध शतक पूरा किया, ये कारनामा उन्होंने महज 15 गेंदों में किया। वह एक खास रिकॉर्ड बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। जैक फ्रेजर क्रिस गेल के सबसे तेज शतक को तोड़ने के बेहद करीब थे, लेकिन उनकी इस ताबड़तोड़ पारी का अंत पीयूष चावला ने कर गेल का रिकॉर्ड बचा लिया। लेकिन इस पारी में भी जैक ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो पहले किसी ने नहीं बनाया। जैक की ये इस सीजन की दूसरी सबसे तेज अध शितकीय पारी है। हालांकि, वह आज भी यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, जायसवाल ने पिछले सीजन 13 गेंदों में फिफ्टी जड़ी थी। फ्रेजर ने 2 बार 15 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा है। वह सबसे कम गेंदों पर 2 अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

# जहीर खान ने टी 20 वर्डकप के लिए एकमात्र विकेटकीपर पंत को चुना



नयी दिल्ली। जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा, '' यश दयाल का स्थान 'फ्लोटिंग स्पॉट' होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। '' उन्होंने कहा, ''वह एक ऐसा गेंदबाज है कि अगर आप कभी भी किसी को गेंदबाजी के लगाना चाहते हैं तो उसे इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे अगर सिराज की फॉर्म सही नहीं है। नयी दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है जबकि वह बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं। जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहीर ने अपनी टीम चुनते समय मोहम्मद शमी की चोट को भी ध्यान में रखा है। जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा, '' यश दयाल का स्थान 'फ्लोटिंग स्पॉट' (अस्थायी) होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। '' उन्होंने कहा, ''वह एक ऐसा गेंदबाज है कि अगर आप कभी भी किसी को गेंदबाजी के लगाना चाहते हैं तो उसे इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे अगर सिराज की फॉर्म सही नहीं है। '' उन्होंने संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत को अपनी टीम में एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना। जहीर ने कहा, ''पंत मेरे एकमात्र विकेटकीपर हैं। मैंने चार तेज गेंदबाज लाने को अधिक महत्व दिया है। आप दूसरे विकेटकीपर के लिए एक तेज गेंदबाज की बलि नहीं देना चाहेंगे। आपके पास केएल राहुल, संजू सैमसन जैसे विकल्प हैं और कई लोग दिनेश कार्तिक को देखना चाहते हैं। '' उन्होंने कहा, ''इस समय हम महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट के कारण उन पर भी विचार कर सकते हैं! अगर आप एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए एक टीम बना रहे हैं तो'रिजर्व' खिलाड़ी के तौर पर आपका विकेटकीपर हो सकता है।'' जहीर ने अपनी टीम में 16 खिलाड़ियों को चुना है। उन्होंने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बीच केवल एक खिलाड़ी को रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार के तौर पर चुना जायेगा। उन्होंने कहा, ''चयनकर्ताओं को सबसे मुश्किल फैसले करेंगे, उन्हें इन दो शानदार विकल्पों में से एक सलामी बल्लेबाज को चुनना होगा। मुझे लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से केवल एक ही जगह बना पायेगा। '' टी20 विश्व कप के लिए जहीर खान की भारतीय टीमरू बल्लेबाजरू रोहित शर्मा, शुभमन गिल या यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह आलराउंडररू शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा विकेटकीपररू ऋषभ पंत गेंदबाजरू जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, यश दयाल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी चेन्नई



चौम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को चेपॉक स्टेडियम होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। लगातार हार का सामना करने वाली गत चौम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को चेपॉक स्टेडियम होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया। रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है।इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। गेंदबाजी की बात की जाये तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आये और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए। गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं।उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।टीम इस प्रकार हैं चेन्नई सुपर किंग्सरू एमएस धोनी (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, मोइन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हंगरगेकर, मिशेल सैंटनर, तुषार देशपांडे, मथिशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा, शेख रशीद, निशांत सिंधु, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, रचिन रविंद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्तफिजुर रहमान और अविनाश राव अरावली।सनराइजर्स हैदराबादरू अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# भारतीय क्रिकेट को हार्दिक पंड्या को इतनी तवज्जो नहीं देनी चाहिए - इरफान पठान



पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप' में कहा, ''हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है। क्योंकि हमने अभी तक विश्व कप नहीं जीता है। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या को इतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावित करने में विफल रहे हैं। मुंबई इंडियंस का यह आलराउंडर इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहा है जिससे उनके भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने पर सवाल उठ रहे हैं। टीम की घोषणा जल्द ही की जानी है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप' में कहा, ''हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है। क्योंकि हमने अभी तक (उनकी मौजूदगी में) विश्व कप नहीं जीता है। '' उन्होंने कहा, ''अगर आपको लगता है कि आप एक मुख्य आलराउंडर हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रदर्शन करना होगा। जहां तक घ्आलराउंडर का सवाल है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह से प्रभावित नहीं किया है। हम सिर्फ उसकी क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। '' उन्होंने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन में काफी बड़ा अंतर है तथा उन्होंने पंड्या को टूर्नामेंट चुनने के बजाय पूरे साल खेलने की सलाह दी। पठान ने कहा, ''हम आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। दोनों में काफी अंतर है। सबसे पहले तो उसे पूरे साल खेलना होगा। वह चुनकर टूर्नामेंट नहीं खेल सकता। '' उन्होंने कहा, ''भारतीय क्रिकेट को ऐसा करना बंद करना होगा। किसी एक खिलाड़ी को तवज्जो देना बंद करें क्योंकि अगर आप ऐसा करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत सकते। '' पठान ने कहा, ''आस्ट्रेलिया इतने वर्षों से 'टीम गेम' को प्राथमिकता दे रहा है। हर किसी को सुपरस्टार बना रहा हैं, उनकी टीम कोई एक सुपरस्टार नहीं, टीम में हर कोई सुपरस्टार है। यदि आप ऐसा नहीं करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाओगे।

# पंजाब की जीत पर बोले शांषाक - मेरा लक्ष्य गेंदबाजों को चुनकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का था

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 28 गेंद में नाबाद 68 रन की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स को जीत दिलाने वाले बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि मैच को गहराई तक लेने की क्षमता से वह यह भूमिका निभाने में कामयाब रहे। शशांक के मैच में उतरते समय पंजाब को 7.3 ओवर में 84 रन की जरूरत थी। शशांक सिंह की 28 गेंद में नाबाद 68 रन की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स शुक्रवार को लक्ष्य का पीछा करते हुए रिकॉर्ड जीत दर्ज करने में सफल रही जिसके बाद उन्होंने कहा कि मैच को गहराई तक लेने की क्षमता से वह यह भूमिका निभाने में कामयाब रहे। जब शशांक मैदान में उतरे तो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के छह विकेट पर 261 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर को पार करने के लिए पंजाब किंग्स को 7.3 ओवर में 84 रन की जरूरत थी। जॉनी बेयरस्टो तब दूसरे छोर पर 39 गेंद पर 93 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। इसके बाद बेयरस्टो ने शतक जड़ा और शशांक ने 68 रन (दो चौके, आठ छक्के) बनाकर टीम को जीत दिलायी। शशांक ने कहा, ''टूर्नामेंट पूर्व शिविर और घरेलू मैच में मैं यह सुनिश्चित करने के लिए बल्लेबाजी कर रहा था ।

# टमाटर का ऐसे करें उपयोग चेहरे पर आएगा इंस्टेंट ग्लो, दाग धब्बों से भी मिलेगा छुटकारा



चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए टमाटर बेस्ट ऑप्शन है. इसका उपयोग कर आप आसानी से अपने चेहरे को ग्लोइंग और मुलायम बना सकते हैं.टमाटर की मदद से आप अपने चेहरे को चमकदार और बेदाग बना सकते हैं.टमाटर हर घर के किचन में आसानी से मिल जाएगा लोग अक्सर इसका इस्तेमाल चटनी, सब्जी और सलाद के रूप में करते हैं. लेकिन इसका इस्तेमाल कर आप चेहरे को खूबसूरत बना सकते हैं. यह त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल के बारे में.टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं. आप टमाटर की मदद से फेस पैक बना सकते हैं. इसके लिए आपको टमाटर को पीसकर उसमें दही मिलना होगा. इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें.टमाटर और शहद का फेस पैक भी चेहरे के लिए फायदेमंद हो सकता है, इसके लिए आपको पिसे हुए टमाटर में शहद को मिलाकर पेस्ट बनाना होगा. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो लें.आप ताजा टमाटर का रस निकालकर उसे सीधा चेहरे पर लगा सकते हैं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो ले. ऐसा करने से त्वचा हाइड्रेट रहेगी और चमकदार बनेगी. आप टमाटर की मदद से स्क्रब भी बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक टमाटर को पीसकर, उसमें एक चम्मच बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें.इस पेस्ट को 5 मिनट तक लगाकर मसाज करें. इससे चेहरे की डेड स्क्रीन निकलेगी और त्वचा पर निखार आएगा. इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें क्योंकि कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले.

# दिल की बीमारी में मीठा खाना सही है या नहीं? कहीं हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं बढ़ जाएगा



मीठा किसी भी लिहाज से सेहत के लिए ठीक नहीं है. कोई हेल्दी व्यक्ति खाएं या किसी बीमारी से पीडिघ्त मीठा खाना किसी के लिए ठीक नहीं होता है. ज्यादा मीठा खाने से वजन बढने के साथ-साथ डिप्रेशन और स्किन से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. अगर आप मीठा खाने के शौकीन है तो एक सीमित मात्रा में खाएं. अगर आप किसी खास तरह की बीमारी से पीडिघ्त है तो डॉक्टर की सलाह पर ही मीठा खाएं.

हार्ट मरीजों को नहीं खाना चाहिए मीठा

अगर कोई व्यक्ति हार्ट का मरीज है तो उसे मीठा खाने से पहले कई सारी सावधानी बरतनी चाहिए. कई हार्ट मरीज ऐसे होते हैं जो अपने खानपान का खास ख्याल नहीं रखते हैं. यहां तक कि वह काफी ज्यादा मीठा खाते हैं ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. हार्ट मरीजों की सेहत बिगड़ सकती है. साथ ही उन्हें कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट मरीजों को नुकसान हो सकता है.

बढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा

हार्ट मरीज अंदर से काफी ज्याद कमजोर होते हैं. इस स्थिति में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट से जुड़ी दूसरी तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा चीनी खाने के कारण ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल बढ़ जाता है. फैट धीरे-धीरे ब्लड स्ट्रीम में जम जाता है. जिसके कारण हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है.

हाई बीपी की प्रॉब्लम

दिल की बीमारी में ज्यादा मीठा खाने से हाई बीपी की बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है. ज्यादा मीठा खाने से शरीर में पोटैशियम और सोडियम का नैचुरल बैलेंस बिगड़ जाता है. जिसके कारण बीपी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है.

शरीर में सूजन का खतरा

हार्ट के मरीज अगर ज्यादा मीठा खाएंगे तो उनके शरीर में कई तरह के सूजन हो सकते हैं. बॉडी में क्रॉनिक इंफ्लेमेशन हो सकती है. इसे हार्ट डिजीज से जोडकर देख सकते हैं. इसमें एथेरोस्क्लेरोसिस (आर्टरीज का सख्त होना) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज शामिल हैं.

# महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति! फिल्म की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा



साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है।कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है।कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। एक सैलून के अंदर गहरे चिंतन की स्थिति में बैठे घायल और घायल विजय सेतुपति की छवि ने उत्सुकता जगा दी थी। संभावना है कि यह फिल्म आज देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को दिखाएगी।फिल्म की स्टारकास्ट भी कमाल की है। फिल्म में विजय सेतुपति के अलावा मलयालम स्टार ममता मोहनदास के साथ बॉलीवुड अभिनेता–निर्देशक अनुराग कश्यप भी प्रमुख भूमिका में हैं। तमिल सिनेमा में अभिनेता के रूप में महाराजा अनुराग कश्यप की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 2028 में इमाइका नोडिगल (2018) में एक अहम भूमिका निभाई थी और निर्देशक लोकेश कनगराज की ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो में एक कैमियो भूमिका निभाई थी।

# निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान, दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में... । इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है।अभिनेता की इस पोस्ट के बाद ैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं।

उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन–थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करे तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। घरेलू टिकट खिडकी पर फिल्म ने 86.75 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में ही 31.35 करोड़ रुपये बटोर डाले थे।



# क्वीन आफ मास काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज

क्वीन ऑफ मास–नवीनतम टैग–ाजल अग्रवाल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा के साथ आ रही हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जबकि नवीन चंद्रा अमरेंदर नाम का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज किया। यह गीत एक राग है, जिसे संगीत निर्देशक श्रीचरण पकाला ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल रामबाबू गोसाला ने लिखे हैं और सुर की रानी श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।यह गीत युगल सत्यभामा और अमरेंदर के विश्वविद्यालय के दिनों के प्यार और अंतरंगता को दर्शाता है। गाना कल्लारा फिल्म सत्यभामा का एक विशेष आकर्षण होने का वादा करता है। समृद्ध गीतात्मक मूल्यों के साथ मधुर धुन को श्रेया घोषाल के सुंदर स्वरों द्वारा पूरक किया गया।सत्यभामा एक आगामी काजल अग्रवाल अभिनीत एक्शन–ड्रामा है जिसमें अभिनेत्री एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है। सत्यभामा के निर्माताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ नवंबर 2023 में अपना पहला टीजर जारी किया था। ॉरम आर्ट्स के बैनर तले बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव टक्कलपल्ली द्वारा निर्मित, यह फिल्म मेजर निर्देशक शशिकिरण थिक्का द्वारा प्रस्तुत की गई है और सुमन चिक्काला द्वारा निर्देशित है, यह एक क्राइम थ्रिलर है जो 17 मई को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज होने के लिए तैयार है।



# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा ने ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा से दर्शकों को काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी।सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 32.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इस फिल्म को लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।इसी साल 15 मार्च को सनेमाघरों में रिलीज हुई योद्धा अब अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। यह रेंट पर उपलब्ध है। योद्धा में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार राशि खन्ना के साथ बनी है। दिशा पाटनी ने भी फिल्म में अपने अभिनय की तडका लगया है।हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान इस फिल्म के निर्माता हैं।योद्धा की कहानी एक प्लेन हाइजैक की है, जिसका एयर कमांडर अरुण कात्याल (सिद्धार्थ) है।इस हाईजैक के सभी सुराग अरुण के इसमें सम्मलित होने की ओर इशारा करते हैं और जैसे–जैसे कहानी आगे बढ़ती है संदेह बढ़ता जाता है।योद्धा, अजय देवगन की फिल्म शैतान के एक हफ्ते बाद सिनेमाघरों में आई थी, जिसकी वजह से इसकी कमाई में भी असर पड़ा था। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है, लेकिन फिलहाल इसे देखने के लिए आपको पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।योद्धा फिल्म की कहानी में देखने को मिलता है कि पिता मेजर सुरिंदर कटियाल (रोनित राय) के शहीद होने के बाद अरुण कटियाल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) योद्धा में भर्ती होता है। वह सीनियर्स के ऑर्डर की प्रतीक्षा किए बिना ही अकेले आतंकियों से लडने के लिए वन मैन आर्मी की तरह कूद पड़ता है। उसकी पत्नी प्रियम्वदा कटियाल (राशि खन्ना) पीएम की सेक्रेटरी है। अरुण को सस्पेंड कर दिया जाता है। आगे क्या होता है इसके लिए आपको मूवी देखनी होगी।

# बाक्स आफिस पर फिल्म दो और दो प्यार की हालत पस्त, एलएसडी 2 दम तोडने के कगार पर



विद्या बालन, इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी जैसे सितारों से सजी फिल्म दो और दो प्यार का प्रदर्शन भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं रहा।इस फिल्म ने रिलीज के दिन करोड़ का आंकड़ा नहीं छुआ था और न ही अब तक छु पाई है। हालांकि, लव सेक्स और धोखा 2 के मुकाबले यह दर्शकों को ज्यादा आकर्षित करने में कामयाब रही।दो और दो प्यार की कमाई के छठे दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दो और दो प्यार ने रिलीज के 7वें दिन 23 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.43 करोड़ रुपये हो गया है।शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी फिल्म इस फिल्म में सेंथिल राममूर्ति भी प्रमुख भूमिका में हैं।यह फिल्म सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर दस्तक देगी। इस फिल्म का प्रीमियर जून के अंत में होगा।दो और दो प्यार की कहानी काव्या (विद्या) और अनिरुद्ध (प्रतीक) की है, जिनकी शादी उथल–पुथल भरे दौर से गुजर रही है।3 साल तक डेटिंग करने और शादी के 12 साल बाद, काव्या और अनी का रिश्ता नीरस हो चुका है।इसके बाध उनकी जिंदगी में विक्रम (सेंधिल) और नोरा (इलियाना) की एंट्री होती है, जो उनके रिश्ते में नए रंग भरते हैं।अब ऐसा क्या होता है, यह जानने के लिए आपको सिनेमाघरों का रुख करना होगा। वहीं दूसरी ओर दिबाकर बैनर्जी के निर्देशन में बनी एलएसडी 2 की शुरुआत ही खस्ता तरीके से हुई थी। पहले दिन ही फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई थी। फिल्म को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं, लेकिन एक भी दिन इसकी कमाई ने करोड़ का आंकड़ा छूने की बात तो दूर उसके निकट तक नहीं पहुंच पाई। फिल्म ने पहले दिन 15 लाख रुपये कमाए थे और गुजरते दिनों के साथ इसमें भी गिरावट आई। हालांकि, बीते दिन गुरुवार को फिल्म की कमाई में मामूली उछाल आया। फिल्म ने सातवें दिन सात लाख रुपये की कमाई की। अब फिल्म का कुल कलेक्शन 94 लाख रुपये हो चुका है।

# बाक्स आफिस पर बड़े मियां छोटे मियां की कमाई में गिरावट जारी, मैदान की भी हालत पस्त



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला, लेकिन हर गुजरते दिन के साथ इसकी दैनिक कमाई में गिरावट देखी जा रही है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन बीत चुके हैं और अब इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो चुकी है।बड़े मियां छोटे मियां की कमाई के 15वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। यह अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी गुरुवार को 80 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 58.50 करोड़ रुपये हो गया है।बड़े मियां छोटे मियां का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। सुल्तान और भारत के बाद यह फिल्म उनकी तीसरी ईद रिलीज है। मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।अजय देवगन और प्रियामणि की फिल्म मैदान का भी हाल बेहाल है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.55 करोड़ रुपये हो गया है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है।

# द ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम से जुड़ीं श्रीलीला, विजय की फिल्म में लटके–झटकों से जीतेंगी दिल ?



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट प्रभु के निर्देशन मे बनी इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जो फैंस के उत्साह को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला है।

वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस–फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस–फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

दलपति विजय के नए प्रोजेक्ट को लेकर प्रत्याशा के बीच, चिंता तब पैदा हुई जब एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई जिसे लेकर दावा किया गया कि अभिनेता के हाथ में चोट लग गई है। कथित तौर पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के दौरान लगी इन चोटों ने दुर्घटना की सीमा और परिस्थितियों के बारे में प्रशंसकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है। द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टीम पहले हाई–ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को फिल्माने के लिए रूस गई थी, जिसे अब हालिया झटके के कारण रोक दिया गया है। इस साइंस–फिक्शन एक्शन फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रशांत, प्रभु देवा, माइक मोहन, जयराम, स्नेहा, योगी बाबू जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का पोस्टर जारी होने के बाद अटकलें लगाई गईं कि द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, हॉलीवुड फिल्म जेमिनी मैन का रीमेक है। हालांकि, वेंकट प्रभु ने साफ कर दिया कि यह एक मूल स्क्रिप्ट है।

# प्राची सिंह ने साड़ी के साथ बोल्ड ब्लाउज पहन हिलाया इंटरनेट, पतली कमर पर ठहरीं ट्रोल्स की निगाहें



भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक–एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं। आइए आपको प्राची की एक और तस्वीर में के सिजलिंग पोज दिखाते हैं।

प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं।

प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना।

प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है।

प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग–अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।

प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग–अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।

प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं।

प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए। बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं। हालांकि, अब फैंस जानना चाहते हैं कि प्राची सिंह कब शादी कर रही हैं। एक्ट्रेस की तरफ से अब तक डेट सामने नहीं आई हैं।

# स्वच्छता पखवाड़ा नुक्कड़ नाटक ने दिखाया सच का आइना

प्रयागराज(आरएनएस)। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा में नुक्कड़ नाटक नाट्य अभिनय संस्थान प्रयागराज के कलाकारों ने इलाहाबाद संग्रहालय के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक संकल्प स्वच्छता का मंचन किया।

नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा की सामूहिक चेतना का सबसे सशक्त माध्यम है नुक्कड़ नाटक, कलाकारों ने न सिर्फ समस्याओं को अवगत कराया बल्कि आम जनमानस इस समस्या से कैसे निपट सकते हैं कैसे अपने आसपास स्वच्छता रख सकते हैं और महात्मा गांधी बापूजी के विचारों को आगे ले जा सकते हैं और न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व को स्वच्छ बना सकते हैं इसका सफल पूर्वक संदेश दिया।

इस दौरान अभिनेता कौस्तुभ पांडे ने पीके की भूमिका अदा करतेहुए संग्रहालय के समस्त पदाधिकारी कर्मचारियों से सवाल जवाब भी किया यह नुक्कड़ नाटक पूरी तरह दो पक्षों के संवादों पर आधारित था जहां दर्शक भी कलाकारों से प्रश्न कर सकते थे और कलाकार दर्शकों से संवाद स्थापित कर सकते थे।

इलाहाबाद संग्रहालय की ओर से इस कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर नगीना राम जी ने किया। इस दौरान राजेश मिश्रा, सुशील शुक्ला, संजू मिश्रा, संतोष गुप्ता, विजय बहादुर सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक में अभिनय कर रहे कलाकारों में लवकुश भारतीय, मोहम्मद साजिद कौस्तुभ पांडे, आनंद यादव, नम्रता सिंह, निशि कुमारी सूरज कुमार, अरविंद यादव, कृष्ण यादव ,दीपक कुमार वृक्ष हरमिंदर सरताज, ज्ञानेंद्र, आर्यन, साहिल केसरवानी अभिषेक खत्री ,शिवकुमार अनुकूल सिंह, प्रदीप सागर और अनामिका गुप्ता मौजूद रहे।

## इंद्रनील घोष उत्तर प्रदेश फुटबाल टीम के मुख्य चयनकर्ता बने

### तीसरी पेफी राष्ट्रीय अन्डर -17 फुटबाल प्रतियोगिता

प्रयागराज(आरएनएस)। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) द्वारा वर्दमान पश्चिम बंगाल में आगामी जून माह में अंडर–17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य फुटबॉल टीम भी प्रतिभाग करेगी। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी), खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रमाणित एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था है।नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष को उत्तर प्रदेश फुटबॉल टीम के मुख्य चयनकर्ता मनोनीत किया गया है। यह जानकारी पेफी उत्तर प्रदेश के सचिव नंदिनी रावत ने इंद्रनील घोष को ईमेल द्वारा लिखित पत्र से दिया।इंद्रनील इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में हिमाचल प्रदेश

## देश के मतदाता है, भारत भाग्य विधाता है.....

सोनभद्र (आरएनएस)। शनिवार स्वीप 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत लोढ़ी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधित सुंदर चित्रकला व पेंटिंग बनाई गई। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सुंदर चित्रकला व पेंटिंग के माध्यम से लोढ़ी ग्राम में गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है ,, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से जन जागरण का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई। स्वीप नोडल शिक्षक अनिल पासवान द्वारा जनता को मतदान के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम मे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद एवं सरोज शर्मा सहित सहायक अध्यापक राजेश द्विवेदी, बीना रानी, प्रीति चक्रवाल, प्रिया घोष, प्रेमलता (अनुदेशक) शिक्षा मित्र सरिता देवी, अनीता देवी सहित पंचायती राज विभाग से श्याम बली, हीरामन, प्रभाकर सिंह, बृजेश कुमार, सुरेश कुमार, मालती, पुष्पा, नंदिनी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र से पुनः लहरायेगा भाजपा का परचम-विनोद सोनकर

कौशाम्बी। लोकसभा कौशाम्बी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव–गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर की गांव ऊनो में जाकर सांसद विनोद सोनकर ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया इसके बाद सांसद विनोद सोनकर तहसील मंझनपुर के अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किये तथा चायल विधानसभा के तहसील चायल के अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति के बारे में बताया उसके बाद नगर पंचायत चायल व चौराडीह में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन की मांग की। तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने नुक्कड़ सभा में बोलते हुए कहा कि हमारी पार्टी और गठबंधन की पार्टी में दो बड़े अंतर हैं। गठबंधन के लोग परिवारवाद की चिंता करते हैं। और हम लोग राष्ट्रवाद की चिंता करते हैं ।जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है कानून व्यवस्था बढ़िया हुआ है पूर्व की सरकारों में कानून व्यवस्था याद करो तो आए दिन देश के कोने–कोने में दिल्ली मुंबई व भारत के अनेक शहरों में बम ब्लास्ट होते रहते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह सब बीती बातें हो गयी । अब भारत देश इतना सक्षम है कि आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वालों के घर में घुसकर मारता है ।भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक कोई भी बन सकता है लेकिन गठबंधन वाले सिर्फ अपने बेटे बेटियों को राजनीति में लाकर अपनी विरासत बचना चाहते है गठबंधन के लोग बेटे बेटियों को सिर्फ अपनी विरासत देना चाहते हैं उन्हें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कोई मतलब नहीं होता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अतुल द्विवेदी संदीप मिश्रा चक्रेश मिश्रा सुरेंद्र मिश्रा राजेंद्र सोनकर कन्हैया साहू अजय द्विवेदी राम सिंह पाल रमेश साहू रिंकू पासी अविनाश तिवारी भोला मिश्रा दुर्गेश गुप्ता राम सिंह पटेल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी

# प्रयागराज मण्डल अपने सभी स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता कर रहा सुनिश्चित

### निरंतर की जा रही निगरानी

प्रयागराज(आरएनएस)। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने सभी स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने एवं नियमित मोनीटरिंग के लिए संबन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये है। प्रयागराज मंडल द्वारा सभी प्रमुख स्टेशनों पर पानी की निर्बाध आपूर्ति, पेयजल स्थलों की साफ–सफाई और पर्याप्त वाटर कूलर एवं वॉटर वेंडिंग मशीनों व्यवस्था और निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। प्रयागराज मंडल अपने सम्मानित रेल यात्रियों को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहा है। वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा अपने सभी स्टेशनों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रयागराज मंडल में गाड़ियों में पानी भरने वाले स्टेशनों पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करा दिया गया है एवं व्यवस्था की गहनता से निगरानी की जा रही है जिससे सभी गाड़ियों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

प्रयागराज मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध करयी गयी है। वॉटर वेंडिंग मशीनस के माध्यम से रेल यात्रियों को कम मूल्य पर पेयजल की उपलब्धा कराया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल में प्रयागराज जंक्शन पर 10 वॉटर वेंडिंग मशीनें, कानपुर सेंट्रल पर 9 वॉटर वेंडिंग मशीनें, अलीगढ़ जंक्शन पर 5 वॉटर वेंडिंग मशीनें, टूंडला जंक्शन पर 5 वॉटर वेंडिंग मशीनें, इटावा स्टेशन पर 4 वॉटर वेंडिंग मशीनें, मिर्जापुर स्टेशन पर 3 वॉटर वेंडिंग मशीनें कार्यरत है। प्रयागराज मंडल द्वारा स्टेशनों पर वाटर कूलर की भी सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। वाटर कूलर से रेल यात्रियों को निशुल्क शीतल पेयजल मिलता है। प्रयागराज मण्डल में विभिन्न स्टेशनों पर 153 वाटर कूलर उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से यात्रियों को शीतल पेयजल मिलता है। प्रयागराज मंडल द्वारा प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, कानपुर सेंट्रल, इटावा, मिर्जापुर, फतेहपुर, फिरोजाबाद, टूंडला, अलीगढ़, खुर्जा, शिकोहाबाद एवं मानिकपुर सहित अन्य स्टेशनों पर वाटर कूलरध्वॉटर वेंडिंग द्वारा पेयजल के साथ साथ 'रेल नीर' की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने सहयोग का रचा पुनः इतिहास

सोनभद्र (आरएनएस)। सहयोग अलर्ट 51 में प्रत्येक नामिनी को सिर्फ रू 25 में सीधे खाते में मिले 56 लाख। कुल 7 परिवारों को उनके सीधे खाते में प्राप्त हुए 3 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की धनराशि।प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह ने अधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेन्द्र वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित,मदद का अभूतपूर्व व अकल्पनीय अध्याय लिखती जा रही टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश में अब तक 169 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को शिक्षकों का शिक्षकों के लिए शिक्षकों द्वारा सहयोग। प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे उनके खाते में रू 53 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता 3 वर्ष 9 माह के अल्प समय में मुहैया करा चुकी है। टीएससीटी ने सहयोग अलर्ट–51 में लगभग 3 करोड़ 96 लाख से अधिक की सहायता पहुंचा कर अब तक के सहयोग के सभी रिकॉर्ड को तोड दिया है। जिला सहसंयोजक सोनभद्र प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि चोपन ब्लाक की दिवंगत शिक्षिका हुशनारा बानो की दोनों अनाथ बेटियों को 58 लाख से अधिक का सहयोग किया गया है ।जिला सहसंयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सक्रिय सदस्य, ब्लॉक टीम, जिला टीम, प्रांतीय आईटी सेल, प्रांतीय टीम, बेसिक व माध्यमिक के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, डायट प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी गण, उच्च शिक्षा के प्रवक्ता गण, क्लर्क,अनुचर वर्ग, शिक्षामित्र और अनुदेशक साथियों का आभार व्यक्त किया ।प्रवीण सिंह, ओमशंकर नारायण शर्मा, रामेश्वर सोनी, वकील अहमद खान,कौशर जहां सिद्दकी, अखिलेश गुंजन, राजकुमार मौर्य, रविन्द्र चौधरी, गायत्री त्रिपाठी, जेबा अफरोज, संजय सिंह,चंदन शर्मा, शैलेंद्र सिंह, गुंजन, जयश्री विश्वकर्मा, कमलनारायण सिंह, अनुपम दूबे, विवेक पाण्डेय, समशेर बहादुर सिंह, कौशल कुमार पाण्डेय, सुनीलकांत माथुर व अरविंद शर्मा ने समस्त शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।स्व०हुस्नारा बानो की बेटी ने समस्त टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं गौसिया बानो टी एस सी टी संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद , प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेंद्र वर्मा,प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक , प्रान्तीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह कुशवाहा, जिला सहसंयोजक प्रवीण द्विवेदी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, ओम शंकर नारायण शर्मा के साथ साथ समस्त टी एस सी टी परिवार उत्तर प्रदेश को तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि आप सभी ने हम दोनों बहनों का सहयोग करके आर्थिक संबल प्रदान किया। साथ ही आप सभी से हार्दिक अपील करती हूं कि आप सभी इस पवित्र मुहिम से अधिक से अधिक संख्या में जुड़े।

# धनंजय सिंह की जमानत मंजूर, सजा पर रोक लगाने से इन्कार

प्रयागराज(आरएनएस)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत मंजूर कर ली है लेकिन उनकी सजा पर रोक से इन्कार कर दिया है। इस वजह से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने शनिवार 12 बजे यह फैसला सुनाया। फैसला गुरुवार को सुरक्षित कर लिया गया था। जौनपुर की एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में पूर्व सांसद व एक अन्य को सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण अपील में सजा निरस्त करने की मांग की गई है। पूर्व सांसद का कहना था कि अपील निस्तारण तक सजा कथा आदेश स्थगित रखने के साथ उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। राज्य सरकार की तरफ से वकीलों ने धनंजय सिंह के आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़े गए मुकदमों के साथ दिल्ली लखनऊ के अपराधिक मामले की जानकारी दी थी। कहा कि कई मामलों में ट्रायल चल रहा है, ऐसे में जमानत देना उचित नहीं होगा, जबकि धनंजय सिंह के वकील का कहना था कि राजनीतिक द्वेषवश झूठा फंसाया गया है। जो तीन गवाह हैं, उनमें दो सरकारी कर्मचारी और एक प्रोजेक्ट का कर्मचारी है, उन पर दबाव बनाकर झूठी गवाही कराई गई, इसके बावजूद अभियोजन पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपना केस साबित नहीं कर सका। उन्होंने यह भी कहा कि धनंजय सिंह का जो आपराधिक इतिहास बताया गया है, उनमें अधिकतर मुकदमे राजनीतिक द्वेष वश दर्ज कराए गए क्योंकि वह विधायक और सांसद रह चुके हैं। दो दर्जन मामलों में वह बरी हो गए और चार में फाइनल रिपोर्ट लग गई एवं कुछ सरकार ने वापस ले लिए ।वह लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

## नौगीरा में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में चयनित स्कूल के छात्र रमेश कुमार 16वीं रैंक और सूची कुशवाहा के जनपद में 19वीं रैंक लाने पर स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने दोनों को माला पहनाकर मेडल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र, ट्राफी, बैग, पानी को बोतल, टिफिन, लुसेंट की सामान्य ज्ञान की पुस्तक व मिठाई देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया। इसके साथ ही शिक्षक ने साल 2022 में राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा चयनित छात्रों में जिन छह छात्रों ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले रविशंकर, यशस्वी मिश्र, कोमल देवी, स्नेहा चौधरी, संजना देवी, अनीता देवी को भी स्कूल में आमंत्रित कर उन्हे माला पहनाते हुए मिष्ठान खिलाकर मेडल, डायरी, पेन आदि वस्तुएं उपहार में देकर सम्मानित किया। शिक्षक ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की बच्चों में बहुत मेहनत की है उन्होंने रैंक लाकर अपने साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया है।

## वाराणसी हास्टल और स्पोर्ट्स कालेज सैफई के बीच होगा फाइनल

प्रयागराज(आरएनएस)। अमलेन्दु घोष स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई और स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी के बीच खेला जाएगा।प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी ने स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली को 3–1 हराया। ग्रुप श्बीश के इस मुकाबले में इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी और सैफई का गोल औसत बराबर रहने के बाद दोनों टीमों के बीच टॉस हुआ जिसमें सैफई ने बाजी मार ली।इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब व जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में हाई स्कूल मैदान आयोजित प्रतियोगिता के मुकाबले के पहले हाफ में अकादमी के सुरेंद्र कुमार ने गोल करके अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। थोड़ी देर बाद बरेली के संजीत ने गोल करके मैच को 1–1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में पवन शर्मा ने गोल करके अकादमी को 2–1 से आगे किया। इसके बाद विकल्प झा ने गोल करके अकादमी की बढ़त 3–1 कर दी, जो मैच के अंत तक बनी रही।

## लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश 6 गिरफ्तार

सोनभद्र। (आरएनएस) आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद अवैध महिला तस्करी व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में चुर्क में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना राबर्ट्सगंज पुलिस की टीम मुखबिर की सूचना पर सपा कार्यालय लोढ़ी के पास से जनपद में बाहरी व्यक्तियों को शादी का झांसा देकर पैसा ले लेने तथा शादी करने वाली लड़की मौके से भाग जाने वाले अन्तर्राज्यीय,जनपदीय गिरोह के 4 महिलाए फूलगेना साकेत उर्फ रानी पुत्री मुन्शीलाल साकेत निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0 उम्र 25 वर्ष। गिरजा कुमारी साकेत पुत्री मुन्नीलाल साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0। सीमा साकेत पुत्री मुसाफिर साकेत निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0 उम्र 22 वर्ष तथा गीता यादव उर्फ शिवांगी यादव पत्नी भोला यादव सा0 चुर्क थाना रा0गंज सोनभद्र। व 2 पुरुष 1.नीरज सिंह पुत्र यादुवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष। सरोज हरिजन पुत्र स्व0 नन्दू निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है । गिरफ्तारी,बरामदगी करने वाली टीम मेंउ0नि0 विमलेश सिंह, थाना प्रभारी, रॉबर्ट्सगंज, उ0नि0 मनीष द्विवेदी प्रभारी चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज । हे0का0 नन्दलाल राम, हे0का0 परमात्मा यादव, हे0का0 अमरजीत यादव, का0 विनय कुमार, म0का0 निहारिका पाण्डेय, म0का0 सुनीता थाना राबर्ट्सगंज शामिल रहे ।

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीएम को सौपा पत्र

सोनभद्र (आरएनएस)। कलेक्ट्रेट परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ बैनर तले संगठन जिला प्रभारी के नेतृत्व में चुनाव ड्यूटी में पति–पत्नी दोनों के नाम होने से खफा प्राथमिक शिक्षक संघ नाम कटवाने को लेकर डीएम नामित ज्ञापन संबंधित को सौपा।जिला प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के आदेश संख्या 1083 सीईओ 1,73ध्1,2016 के अनुपालन में पति–पत्नी में से किसी एक से निर्वाचन कार्य कराया जाए जिसका पालन जनपद सोनभद्र में नहीं किया जा रहा है जिसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी नामित ज्ञापन देकर संबंधित अधिकारी से अनुरोध किया कि जिले में कार्यरत ऐसे शिक्षामित्र जो पति–पत्नी दोनों लोग विभाग में कार्यरत हैं और दोनों लोगों की निर्वाचन ड्यूटी है ड्यूटी मतदान अधिकारी के लिए नामित किया गया है ।

## देश के मतदाता है, भारत भाग्य विधाता है.....

सोनभद्र (आरएनएस)। शनिवार स्वीप 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत लोढ़ी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधित सुंदर चित्रकला व पेंटिंग बनाई गई।

लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सुंदर चित्रकला व पेंटिंग के माध्यम से लोढ़ी ग्राम में गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है ,, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से जन जागरण का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई।

स्वीप नोडल शिक्षक अनिल पासवान द्वारा जनता को मतदान के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम मे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद एवं सरोज शर्मा सहित सहायक अध्यापक राजेश द्विवेदी, बीना रानी, प्रीति चक्रवाल, प्रिया घोष, प्रेमलता (अनुदेशक) शिक्षा मित्र सरिता देवी, अनीता देवी सहित पंचायती राज विभाग से श्याम बली, हीरामन, प्रभाकर सिंह, बृजेश कुमार, सुरेश कुमार, मालती, पुष्पा, नंदिनी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने सहयोग का रचा पुनः इतिहास

सोनभद्र (आरएनएस)। सहयोग अलर्ट 51 में प्रत्येक नामिनी को सिर्फ रू 25 में सीधे खाते में मिले 56 लाख। कुल 7 परिवारों को उनके सीधे खाते में प्राप्त हुए 3 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की धनराशि।

प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह ने अधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेन्द्र वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित,मदद का अभूतपूर्व व अकल्पनीय अध्याय लिखती जा रही टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश में अब तक 169 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को शिक्षकों का शिक्षकों के लिए शिक्षकों द्वारा सहयोग।

प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे उनके खाते में रू 53 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता 3 वर्ष 9 माह के अल्प समय में मुहैया करा चुकी है। टीएससीटी ने सहयोग अलर्ट–51 में लगभग 3 करोड़ 96 लाख से अधिक की सहायता पहुंचा कर अब तक के सहयोग के सभी रिकॉर्ड को तोड दिया है। जिला सहसंयोजक सोनभद्र प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि चोपन ब्लाक की दिवंगत शिक्षिका हुशनारा बानो की दोनों अनाथ बेटियों को 58 लाख से अधिक का सहयोग किया गया है। जिला सहसंयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सक्रिय सदस्य, ब्लॉक टीम, जिला टीम, प्रांतीय आईटी सेल, प्रांतीय टीम, बेसिक व माध्यमिक के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, डायट प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी गण, उच्च शिक्षा के प्रवक्ता गण, क्लर्क,अनुचर वर्ग, शिक्षामित्र और अनुदेशक साथियों का आभार व्यक्त किया। प्रवीण सिंह, ओमशंकर नारायण शर्मा, रामेश्वर सोनी, वकील अहमद खान,कौशर जहां सिद्दकी, अखिलेश गुंजन, राजकुमार मौर्य, रविन्द्र चौधरी, गायत्री त्रिपाठी, जेबा अफरोज, संजय सिंह,चंदन शर्मा, शैलेंद्र सिंह, गुंजन, जयश्री विश्वकर्मा, कमलनारायण सिंह, अनुपम दूबे, विवेक पाण्डेय, समशेर बहादुर सिंह, कौशल कुमार पाण्डेय, सुनीलकांत माथुर व अरविंद शर्मा ने समस्त शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्व०हुस्नारा बानो की बेटी ने समस्त टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं गौसिया बानो टी एस सी टी संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद , प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेंद्र वर्मा,प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक , प्रान्तीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह कुशवाहा, जिला सहसंयोजक प्रवीण द्विवेदी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, ओम शंकर नारायण शर्मा के साथ साथ समस्त टी एस सी टी परिवार उत्तर प्रदेश को तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

## लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश 6 गिरफ्तार मुर्ख बनाकर पैसा लेकर शादी करवाता है गिरोह

सोनभद्र। (आरएनएस) आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद अवैध महिला तस्करी व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में चुर्क में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना राबर्ट्सगंज पुलिस की टीम मुखबिर की सूचना पर सपा कार्यालय लोढ़ी के पास से जनपद में बाहरी व्यक्तियों को शादी का झांसा देकर पैसा ले लेने तथा शादी करने वाली लड़की मौके से भाग जाने वाले अन्तर्राज्यीय,जनपदीय गिरोह के 4 महिलाए फूलगेना साकेत उर्फ रानी पुत्री मुन्शीलाल साकेत निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0 उम्र 25 वर्ष। गिरजा कुमारी साकेत पुत्री मुन्नीलाल साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0। सीमा साकेत पुत्री मुसाफिर साकेत निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0 उम्र 22 वर्ष तथा गीता यादव उर्फ शिवांगी यादव पत्नी भोला यादव सा0 चुर्क थाना रा0गंज सोनभद्र। व 2 पुरुष 1.नीरज सिंह पुत्र यादुवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष। सरोज हरिजन पुत्र स्व0 नन्दू निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है । गिरफ्तारी,बरामदगी करने वाली टीम मेंउ0नि0 विमलेश सिंह, थाना प्रभारी, रॉबर्ट्सगंज, उ0नि0 मनीष द्विवेदी प्रभारी चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज । हे0का0 नन्दलाल राम, हे0का0 परमात्मा यादव, हे0का0 अमरजीत यादव, का0 विनय कुमार, म0का0 निहारिका पाण्डेय, म0का0 सुनीता थाना राबर्ट्सगंज शामिल रहे ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।